Title: Need to provide stoppage of Howrah-Jodhpur Express Train at Fatehpur, Uttar Pradesh- Laid.

डॉ. अशोक पटेल (फतेहपुर) : महोदय, फतेहपुर स्टेशन से जयपुर-जोधपुर जाने वाले यात्री ट्रेन संख्या 3111 से यात्रा करते थे, लेकिन इस ट्रेन के बंद हो जाने के परिणामस्वरूप फतेहपुर स्टेशन से जयपुर-जोधपुर जाने वाले यात्रियों को भारी असुविधा हो रही है। फतेहपुर से बड़ी संख्या में यात्री जयपुर-जोधपुर जाते हैं, इसके अतिरिक्त फतेहपुर से अजमेर शरीफ भी बड़ी संख्या में यात्री जाते हैं, इस गाड़ी के बंद होने के परिणामस्वरूप इन यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

अतः मेरा आपसे अनुरोध है कि इन यात्रियों की कठिनाइयों को देखते हुए हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रैस का ठहराव फतेहपुर स्टेशन पर किया जाए, तथा इस बारे में यथाशीघ्र उचित निर्देश जारी किये जाएँ।

*** Treated as Laid on the Table**